प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक - २७.०१.२०१५

नदी महोत्सव २०१५

नदी महोत्सव १३ से १५ फरवरी २०१५ बांद्राभान (नर्मदा तवा संगम तट), जिला होशंगाबाद में आयोजित होना है। जैसा की आप को ज्ञात है नदी महोत्सव का आयोजन विगत २००८ से प्रति २ वर्षो के अंतराल से सतत होता आ रहा है।

कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन आज दिनांक २७.०१.२०१५ को राज्य सभा सांसद व नर्मदा समग्र सचिव श्री अनिल माधव दवे, आयोजन समिति सदस्यों और नर्मदा समग्र के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर नर्मदा समग्र द्वारा होशंगाबाद और भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री दवे ने नदी महोत्सव की रूप रेखा प्रस्तुत की।

इस आयोजन में देश के विभिन्न भागो से सैकड़ो प्रतिनिधि शामिल होंगे। विशेषकर के नदी पर्यावरण में प्रत्यक्ष कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थान अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर 'नदी काम का विषय बने' इस विचार को देश दुनिया में गति देंगे।

चौथे नदी महोत्सव का विषय है "**नदी, जलग्रहण,क्षेत्र , रसायन और समस्याएं**"।

नदी जलग्रहण क्षेत्र में कृषि रसायनो के अंधाधुन प्रयोग से हम सब परिचित है। यह महोत्सव इसी दिशा में तीन दिन चलने वाली एक बड़ी चौपाल है। जो रोग के परिक्षण से प्रारम्भ होकर निदान तक पहुचने की कोशिश है, और यह पथ को चिन्हित करने का प्रयास करेगी।

पथ निर्धारित होने पर बहुत हद तक ख़राब हो चुकी नदी की एक्वेटिक लाइफ का संरक्षण किया जा सकेगा। तीन दिन के इस महोत्सव में देश के विभिन्न नदियों के जलग्रहण क्षेत्र से आये नदी कार्यकर्ता अपने जमीनी कार्यो के अनुभव से नदियों पर होने वाले प्रभावों पर मंथन करेंगे।

श्री दवे ने बताया की इस बार महोत्सव में २०० से ज्यादा नदियों का प्रतिनिधित्व होगा तथा इस बार अतिथियों का पंजीयन नदी के नाम से किया जा रहा है।

महोत्सव की रूपरेखा को लेकर श्री दवे ने बताया की दिनांक १३.०२.१५ को नदी महोत्सव का उद्घाटन श्री शिवराज सिंह चौहान माननीय मुख्य मंत्री म.प्र. शासन द्वारा किया जायेगा।

दूसरे दिन (१४ फरवरी २०१५) नदी महोत्सव के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्री सुरेश (भैया जी) जोशी सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा।

अंतिम दिवस (१५ फरवरी २०१५) नदी महोत्सव के समापन कार्यक्रम को सुश्री उमा भारती जी माननीय मंत्री जल संसाधन भारत सरकार द्वारा सम्बोधित किया जायेगा।

इसके लिए अतिरिक्त तीन दिवस चलने वाले इस महोत्सव में देश के जाने माने विषय विषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

प्रकाशनार्थ।

नोट :- संलग्न नदी महोत्सव २०१५ का हिंदी व अंग्रेजी पत्रक (brochure)

--

नर्मदा समग्र
"नदी का घर"
सीनियर एम आई जी -२, अंकुर कॉलोनी शिवजी नगर
भोपाल – ४६२०१६; फोन :- ०७५५ २४६०७५४